# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला(कांगड़ा)-176215

No:HPBOSE-G007/67/2025- 2881 Dated:- 16/05/25

## "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि दसवीं/जमा दो (नियमित) श्रेणीयों के परीक्षार्थी जो विपरीत मौसम परिस्थितियों/अपरिहार्य कारणों से मार्च, 2025 में आयोजित करवाई गई वार्षिक परीक्षा में भाग लेने से वंचित रहे हैं, को विशेष परीक्षा का अवसर प्रदान किया जाता है। विशेष परीक्षाएं दिनांक 27.05.2025 से 06.06.2025 तक प्रातः 08:45 से दोपहर 12:00 बजे तक निम्नानुसार आयोजित करवाई जाएंगी:-

**Matric (10th)**

| S/N | Subject | Date of Exam |
|---|---|---|
| 1. | English | 27-05-2025 |
| 2. | Art | 28-05-2025 |
| 3. | Math | 30-05-2025 |
| 4. | Hindi | 31-05-2025 |
| 5. | Social Science | 02-06-2025 |
| 6. | Sanskrit | 03-06-2025 |
| 7. | Science | 04-06-2025 |
| 8. | ITES | 05-06-2025 |
| 9. | Computer Science | 06-06-2025 |

**Plus Two (10+2)**

| S/N | Subject | Date of Exam |
|---|---|---|
| 1. | English | 27-05-2025 |
| 2. | Chemistry | 28-05-2025 |
| 3. | Computer Science | 30-05-2025 |

सम्बन्धित परीक्षार्थियों की विशेष परीक्षाओं के आयोजन हेतु उनके विद्यालयों के नाम के सामने दर्शाए गए निम्नलिखित विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है। सम्बन्धित परीक्षार्थी उक्त तिथि एवं समयानुसार इन परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा हेतु अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे:-

| S/N | Name of the Schools/Previous Exam Centre | Name of the Examination centre |
|---|---|---|
| 1 | 1425 - SECHUNALA (PANGI) - GSSS – Chamba | GSSS - KILLAR (PANGI)-Chamba |
| 2 | 1422 - SAROL - GSSS - Chamba | GBSSS-Chamba |
| 3 | 2063 - JACHH - GSSS – Kangra, 1940 - DHARAMSHALA – DAYANAND MODEL SSS – Kangra, 2472 - TATEHAL - GSSS -Kangra | GBSSS-DHARAMSHALA |
| 4 | 2523 - BHABA NAGAR - PROJECT SR SEC SCHOOL - Kinnaur | GSSS- RECKONG PEO-Kinnaur |
| 5 | 2671 - KATRAIN - SARSWATI VIDYA MANDIR HIGH SCHOOL - Kullu | GBSSS - Kullu |
| 6 | 3311 - SARKAGHAT - HIMALAYAN PUBLIC SR SEC SCHOOL - Mandi | GBSSS-Mandi |
| 7 | 3752 - PHAGLI - GSSS-Shimla, 3637 - KOTGARH - GSSS-Shimla, 3552 - IRA - GSSS- Shimla | GGSSS- LAKKAR BAZAR-Shimla |
| 8 | 4457 - GAGRET - ST. D R PUBLIC SR SEC SCHOOL - Una | GGSSS-Una |
| 9 | 1522 - CHABUTRA - GOVT SR SEC SCHOOL - Hamirpur | GBSSS- Hamirpur |

इन परीक्षाओं का संचालन सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र में प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक के समन्वयन में होगा जोकि परीक्षार्थियों की संख्या अनुसार पर्यवेक्षी स्टाफ नियुक्त करेंगें। परीक्षा सामग्री बोर्ड द्वारा प्रतिनियुक्त संवाहक के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों में सम्भवतः परीक्षा आरम्भ तिथि से एक दिन पूर्व पहुंचा दी जाएगी। बोर्ड द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी/कर्मचारी परीक्षा संचालन के लिए सहायक समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे तथा परीक्षा समाप्ति पर समस्त परीक्षा सामग्री जैसे कि परीक्षार्थियों की उत्तपुस्तिकाएं, शेष बचे प्रश्न पत्र, अलिखित उत्तरपुस्तिकाएं व अन्य सामग्री को अपने साथ लाकर गोपनीय शाखा को सुपुर्द करेगें।

जिन परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं शेष हैं, उनकी प्रायोगिक परीक्षाएं उपरोक्त तिथियों के दौरान सुविधानुसार सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य की देख-रेख में सम्बन्धित विषय के अध्यापक द्वारा स्थल पर प्रश्न पत्र सैट करके सम्बन्धित विद्यालय में आयोजित करवाई जाए। सम्बन्धित विद्यालय प्रायोगिक परीक्षा की अंकसूचियों को परीक्षा उपरान्त ऑफलाइन बोर्ड को प्रेषित करेंगे।

नोटः-परीक्षार्थियों को प्रातः 08:45 बजे प्रश्न पत्र के साथ उत्तरपुस्तिका भी आबंटित की जाएगी, परीक्षार्थियों को 15 मिनट का समय प्रश्न पत्र पढ़ने/उत्तरपुस्तिका के पृष्ठों की गणना करने व सही पाये जाने के उपरान्त ही उत्तरपुस्तिका पर अपना विवरण दर्ज करने हेतू दिया गया है, परीक्षा प्रातः 09:00 बजे ही आरम्भ होगी।

सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि/

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. निजी सहायक, अध्यक्ष/सचिव हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. सम्बन्धित उप निदेशक(प्रारम्भिक/उच्चतर शिक्षा), हिमाचल प्रदेश।
3. अतिरिक्त सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव/सहायक सचिव, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड।
4. अनुभाग अधिकारी, आई0टी0सैल को बोर्ड वैबसाइट पर अपलोड़ करने बारे।
5. अनुभाग अधिकारी, दसवीं/जमा दो/संचालन-II/गोपनीय/पेपर सेटिंग शाखाओं को इस आशय सहित प्रेषित है कि विशेष परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाये ताकि परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इसके अतिरिक्त अनुभाग अधिकारी, दसवीं-II/जमा दो-I शाखा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के समन्वयकों/विद्यालयों/परीक्षार्थियों को भी यथासूचित करेंगे।
6. लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड।

सचिव

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला ज़िला कॉंगड़ा(हि0प्र0)-176213 Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176213
दूरभाष/Tele: 01892-242161 अणु डाक/e-mail : hpbosesocond1.19@gmail.com
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817 Website : hpbose.org